दैनिक भास्कर

नई दिल्ली 17-04-2023

दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिप्लोमा सर्टिफिकेट दिए

गुड़गांव | मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट गुड़गांव और मुर्शीदाबाद ने एमडीआई गुड़गांव परिसर में अपने दीक्षांत समारोह 2023 का संयुक्त रूप से आयोजन किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, खाद्य एवं जनवितरण और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने 714 विद्यार्थियों को डिप्लोमा सर्टिफिकेट वितरित किए। शैक्षणिक वर्ष 2021-23 के बैच में विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रमों के लिए 556 विद्यार्थियों को एमडीआई गुड़गांव से डिप्लोमा प्रदान किया गया, जिनमें 7 फैलो स्कॉलर्स भी शामिल थे। इस संस्थान ने मेधावी विद्यार्थियों को 21 पदक भी वितरित किए। एमडीआई मुर्शीदाबाद ने अपने पीजीडीएम कार्यक्रम के लिए 158 विद्यार्थियों को डिप्लोमा और 5 पदक वितरित किए। अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए एमडीआई गुड़गांव में इस साल भी शानदार प्लेसमेंट दर्ज हुए।